# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.03.25 | 3 | 7-8 |

# कर्मचारियों की कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी: प्रो. काम्बोज

## प्रशिक्षण से विवि की कार्य प्रणाली बेहतर होगी



भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। यह विचार मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता, नवीनतम तकनीक एवं नीतियों की जानकारी देने तथा कार्यस्थल पर उनकी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और अधिक बेहतर एवं प्रभावशाली होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, संचार कौशल, तकनीकी उन्नति, डाटा प्रबंधन, सेवा सुधार और नैतिक कार्यशाला पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में अवगत कराया जाएगा।

प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 452 मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नौ बैच के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणू मुंजाल ने ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. योगेश जिंदल ने किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9.03.25 | 4 | 1-2 |

# कर्मचारियों की कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी : प्रो. काम्बोज



हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी • जागरण

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी। यह विचार मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहे।

कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता एवं नीतियों की जानकारी देने तथा उनके सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 9.03.25 | 11 | 5-8 |

प्रशिक्षण

हकृवि में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ

# किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता पर निर्भर : प्रो. काम्बोज

■ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलतां के लिए प्रशिक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज शनिवार को विश्वविद्यालय में मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता, नवीनतम तकनीक एवं नीतियों की जानकारी देने तथा कार्यस्थल पर उनकी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और अधिक बेहतर एवं प्रभावशाली होगी। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पहली बार सुरक्षा कर्मचारियों की ट्रेनिंग के पश्चात मिनिस्ट्रियल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 452 मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नौ बैच के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणू मुंजाल ने ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनुराग ने सभी का धन्यवाद किया जबकि डॉ. योगेश जिंदल ने मंच संचालन किया।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 9.03.25 | 5 | 3-5 |

# कर्मचारियों की दक्षता एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ

हिसार, 8 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी। यह विचार मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता, नवीनतम तकनीक एवं नीतियों की जानकारी देने तथा कार्यस्थल पर उनकी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और अधिक बेहतर एवं प्रभावशाली होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, संचार कौशल, तकनीकी उन्नति, डाटा प्रबंधन, सेवा सुधार और नैतिक कार्यशाला पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को इसलिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे और अधिक बेहतर ढंग से अपने कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करके विश्वविद्यालय को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 452 मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नौ बैच के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणू मुंजाल ने ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. योगेश जिंदल ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को संत लोंगोवाल इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी, संगरूर से रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर प्रदीप कुमार जैन ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी व उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| डेमो क्रेटिक | 08.03.25 | -- | -- |

# कर्मचारियों की दक्षता एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज



## हकृवि में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ

**डेमोक्रेटिक फंट हिसार/पवन सैनी.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी। यह विचार मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता, नवीनतम तकनीक एवं नीतियों की जानकारी देने तथा कार्यस्थल पर उनकी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और अधिक बेहतर एवं प्रभावशाली होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, संचार कौशल, तकनीकी उन्नति, डाटा प्रबंधन, सेवा सुधार और नैतिक कार्यशाला पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को इसलिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे और अधिक बेहतर ढंग से अपने कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करके विश्वविद्यालय को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया ताकि वे अपने ज्ञान तथा कौशल को और अधिक विकसित करें।


मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पहली बार सुरक्षा कर्मचारियों की ट्रेनिंग के पश्चात मिनिस्ट्रियल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 452 मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नौ बैच के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणू मुंजाल ने ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. योगेश जिंदल ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को संत लोंगोवाल इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी, संगरूर से रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर प्रदीप कुमार जैन ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी व उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 09.03.25 | -- | -- |

# हकृवि में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ

- **कुलपति बोले, कर्मचारियों की दक्षता एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी**



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी।

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 8 मार्च : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, कार्यालय के काम व कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों और सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए प्रशिक्षण जरूरी। यह विचार मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता और कार्य कुशलता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता, नवीनतम तकनीक एवं नीतियों की जानकारी देने तथा कार्यस्थल पर उनकी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली और अधिक बेहतर एवं प्रभावशाली होगी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, संचार कौशल, तकनीकी उन्नति, डाटा प्रबंधन, सेवा सुधार और नैतिक कार्यशाला पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को इसलिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे और अधिक बेहतर ढंग से अपने कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करके विश्वविद्यालय को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया ताकि वे अपने ज्ञान तथा कौशल को और अधिक विकसित करें। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पहली बार सुरक्षा कर्मचारियों की ट्रेनिंग के पश्चात मिनिस्ट्रियल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 452 मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नौ बैच के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणु मुंजाल ने ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन डॉ. योगेश जिंदल ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को संत लोंगोवाल इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी, संगरूर से रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर प्रदीप कुमार जैन ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी व उपस्थित रहे।